Source: - राजस्थान पत्रिका

Date:- 19 नवंबर, 2018

डीआरआई को मिली सफलता

न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से तीन करोड़ के सोने के साथ 1 गिरफ्तार

म्यांमार से मणिपुर व मणिपुर से कोलकाता आ रहा था सोना

सीमावर्ती क्षेत्रों से धड़ल्ले से हो रही है तस्करी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

कोलकाता. राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने शनिवार शाम 5.10 बजे न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन से 3 करोड़ के सोने के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। व्यक्ति का नाम राजू आदस है। राजू डाउन हावड़ा-कामरूहप एक्सप्रेस से कोलकाता आ रहा था। उसके पहले ही न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन पर डीआरआई के अधिकारियों ने उसे गिरफ्तार कर लिया। राजू के पास से 9.296 किलोग्राम सोने के बिस्कुट (56) जब्त किए गए। जब्त किए गए सोने की आनुमानिक कीमत 3,00,08,417 रुपए है। राजू हुगली के पूर्व पाड़ा मुकुन्दपुर चंडीतल्ला का रहने वाला है। राजू यह सोना म्यांमार से मणिपुर व मणिपुर से ट्रेन के माध्यम से कोलकाता ला रहा था।

सीमावर्ती क्षेत्रों से धड़ल्ले से हो रही है तस्करी

डीआरआई के सूत्रों का कहना है कि बंगाल के उत्तरी पूर्वी सीमा से धड़ल्ले से सोने की तस्करी हो रही है। चालू वित्तीय वर्ष में पश्चिम बंगाल और उत्तर-पूर्व राज्यों से डीआरआई ने 345.6 किग्रा सोना जब्त किया है। बाज़ार में इसकी कीमत 107.23 करोड़ रुपये है। बंगाल में तस्करी का सोना बांग्लादेश, म्यांमार, भूटान व चीन से आ रहा है।

कपड़े व जूते में छिपा रखे थे सोने के बिस्कुट

डीआरआई के सूत्रों ने बताया कि राजू ने कपड़े के बेल्ट में सोने के बिस्कुट को छिपा रखा था। इसके साथ ही जूते के सोल में भी बिस्कुट थे। जब डीआरआई के अधिकारियों ने उसकी तलाशी ली तो सोने के बिस्कुट मिले। डीआरआई के अधिकारी उससे पूछताछ कर रहे हैं। डीआरआई का अनुमान है कि राजू को मात्र कोलकाता तक सामान पहुंचाने के लिए रखा गया था, कोलकाता में कोई दूसरा व्यक्ति था, जो इस सोने के आने का इंतजार कर रहा था। अभी तक उस व्यक्ति के बारे में कोई खुलासा नहीं हुआ है।

Scanned by CamScanner